कार्यालय प्राचार्य, (अग्रणी) शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.)
दूरभाष कमांक – 07749–222076 ईमेल– govtcollbalod@rediffmail.com

दिनांक 16/11/2022

//प्रतिवेदन//

प्रति,

संवाददाता,
दैनिकभास्कर,नईदुनिया,हरिभूमि,पत्रिका,देशबंधु,नवभारत
बालोद, जिला–बालोद,(छ.ग.)

//महाविद्यालयीन स्वीप अंतर्गत भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन//

==00==

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर (छ.ग.) के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) श्रद्धा चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रद्धा चंद्राकर नें संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करनें तथा मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं आम जनों को अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मददगार साबित होंगे। प्रथम चरण में भाषण प्रतियोगिता तथा द्वितीय चरण में इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण में 15 तथा क्विज प्रतियोगिता में 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में ललिता यादव एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता में वेदव्यास एल.एल.बी. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. राघवेश पाण्डेय (सहायक प्राध्यापक विधि) डॉ. दीपाली राव (सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान) प्रो. जसराम नायक (सहायक प्राध्यापक हिन्दी) रहे इस कार्यक्रम डॉ.जे.के.खलखो, प्रो.डी.आर. बैद्य, प्रो. एल.के. गवेल, प्रो. लोमन टंडन, प्रो. शैलेन्द्र आर्य, डॉ. जे.के. पटेल, प्रो. रामाधीन साहू, प्रो. स्वाति वैष्णव, प्रो. तरूण, प्रो. कलेन्द्री रावटे, प्रो. दीपाली, प्रो.रीतु पिस्दा एवं अतिथि व्याख्याता श्री खिलावन साहू, श्री प्रवीण कुमार, कु. हेमलता, कु. तनुजा, कु.अंजली सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी प्रो. एच.एल.मानकर नें बताया कि जिलास्तरीय अंतरमहाविद्यलयीन भाषण व इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता दिनांक– 18/11/2022 को इस महाविद्यालय में 12 बजे से आयोजित होगी। जिसमें जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सी.डी. मानिकपुरी (सहायक प्राध्यापक गणित) ने किया।

स्वीप प्रभारी

Principal
प्राचार्य
Govt. Ghanshyam Singh Gupt
P. G. College, Balod (C.G.)
शासकीय महाविद्यालय बालोद

D/Sweep/letter


SVEEP
मतदाता जागरूकता अभियान
बालोद (छत्तीसगढ़)
मतदाता सूची में नाम जुड़वाये।
अपना वोटर आई.डी. कार्ड बनवायें।।
जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गयी हो
01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बालोद